समाचार

सरकार तुहर द्वार–वृहद समाधान शिविर

आयुक्त ने समाधान शिविर आयोजन की तैयारियों, प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की समीक्षा की

(जिले के विभिन्न विभागों एवं निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर की जा रही तैयारियों तथा प्रकरणों के निराकरण के संबंध में दिया मार्गदर्शन)

(कोरबा व टी.पी.नगर जोन हेतु 11 मई बुधवार को साडा कन्या स्कूल टी.पी.नगर में आयोजित होगा शिविर)

कोरबा 09 मई 2022 – कलेक्टर श्रीमती रानू साहू के मार्गदर्शन में 11 मई बुधवार को साडा कन्या स्कूल टी.पी.नगर कोरबा में आयोजित होने जा रहे वृहद समाधान शिविर की तैयारियों का आज आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने सघन रूप से जायजा लेने के साथ ही विभिन्न शिकायतों व समस्याओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण आदि की विस्तार से समीक्षा की तथा इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

यहॉ उल्लेखनीय है कि '' सरकार तुहर द्वार '' की तर्ज पर नगर निगम कोरबा सहित जिले के सभी नगरीय क्षेत्रों में निर्धारित कार्यक्रम के तहत जनशिकायत निवारण वृहद समाधान शिविर का आयोजन किया जाना हैं, इस कड़ी में नगर निगम कोरबा के कोरबा व टी.पी.नगर जोन के वार्ड क्र. 01 से वार्ड क्र. 16 तक के लिए साडा कन्या स्कूल टी.पी.नगर कोरबा में 11 मई बुधवार को वृहद समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारियॉ की जा रही हैं। आज आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने जिले के विभिन्न विभागों के

अधिकारियों तथा नगर निगम कोरबा के संबंधित जोन कमिश्नरों एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक लेकर शिविर आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की, इस दौरान उन्होने नगर निगम सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आमनागरिकों से प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की विभागवार एवं बिन्दुवार विस्तार से समीक्षा की।आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि प्राप्त सभी आवेदनों का वास्तविक व संतुष्टिपूर्ण निराकरण शिविर आयोजन से पूर्व किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि विभागों के पास यदि अन्य विभाग से संबंधित प्रकरणों के आवेदन आते हैं तो उन्हें संबंधित विभाग के पास निराकरण हेतु तुरंत भिजवाएं ताकि सभी आवेदनों का उचित निराकरण सुनिश्चित हो सके। आयुक्त श्री पाण्डेय ने कहा कि 11 मई के शिविर के पश्चात निगम क्षेत्र में तीन और शिविर लगाए जाने हैं, इसके साथ ही जिले के अन्य निकायों मं भी शिविर लगने हैं, अतः संबंधित वार्डो में विभिन्न विभाग लगातार डोर–टू–डोर सर्वे का कार्य जारी रखते हुए अपने विभागों से संबंधित समस्याओं व शिकायतों की जानकारी आमलोगों से प्राप्त करें, उनसे आवेदन लें तथा निराकरण कराएं। उन्होने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने तथा आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों का सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निराकरण करने को कहा।

निगम संबंधित आवेदनों की जोनवार समीक्षा– आयुक्त श्री पाण्डेय ने नगर निगम कोरबा के कोरबा व टी.पी.नगर जोन के वार्ड क्र. 01 से 16 तक से आम लोगों द्वारा दिए गए आवेदनों एवं उनके निराकरण की जोनवार व विषयवार समीक्षा की। उन्होने सड़क, नाली, पेयजल, साफ–सफाई, स्ट्रीट लाईट, विभिन्न पेंशन योजनाओं, अतिक्रमण, राशन कार्ड, पानी बिल, प्रधानमंत्री आवास योजना, नल कनेक्शन, निर्माण एवं मरम्मत सहित अन्य विभिन्न कार्यो से संबंधित प्राप्त आवेदनों, उनके निराकरण तथा की जा रही कार्यवाही की समीक्षा करते हुए निगम के अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों से कहा कि शिविर के दौरान भी आमलोगों से समस्याओं व शिकायतों संबंधी आवेदन प्राप्त करना है तथा उनका निराकरण कराना है।

बैठक के दौरान निगम के अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, तहसीलदार राहुल पाण्डेय, उपायुक्त पवन वर्मा एवं बी.पी.त्रिवेदी, कार्यपालन अभियंता आर.के.माहेश्वरी, भूषण उरांव, जोन कमिश्नर विनोद शांडिल्य, अखिलेश शुक्ला, एन.के.नाथ, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता राकेश मसीह, योगेश राठौर, राजबहादुर सिंह, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी संजय अग्रवाल, सिटी प्रोग्राम मेनेजर अशोक सिंह सहित जिले के खाद्य अधिकारी एवं श्रम, राजस्व, शिक्षा, महिला बाल विकास, उद्यानिकी, सी.एस.ई.बी., जिला अत्यावसायी, स्वास्थ्य एवं मत्स्य विभाग आदि विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।